हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(सोलहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 22 अगस्त, 2017/ 31, श्रावण, 1939 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 4

भवन निर्माण

1732 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में लोक निर्माण विभाग के जिला कुल्लू के मण्डल I व II के पास विभिन्न विभागों के भवन निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि जमा की गई और इन भवनों की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) यह सत्य है कि जब तक सम्बन्धित विभाग प्राक्कलन में दर्शाई गई धनराशि का 60% जमा नहीं करता है तो लोक निर्माण विभाग कार्य प्रारम्भ नहीं करता है; यदि हाँ, तो ऐसे कौन-कौन से भवन हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार इसके समाधान हेतु क्या पग उठा रही है?

करूणामूलक आधार पर नियुक्तियां

1733 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार की नीति अनुसार यदि किसी कर्मचारी/अधिकारी की मृत्यु सेवाकाल में 50 वर्ष की आयु सीमा पार करने के

उपरान्त होती है तो आश्रितों को करूणामूलक आधार पर नौकरी नहीं दी जाएगी; यदि हां, तो इसकी प्रति सभा पटल पर रखें ?

आवास निर्माण

1734 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक जिला हमीरपुर के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत आवास निर्माण के कितने मामले सभी वर्गों (categories) के स्वीकृत किए गए; ब्यौरा चुनाव क्षेत्रवार दें; और

(ख) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा चुनाव क्षेत्रवार दें?

Poly Houses

1735 **Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years upto 31st July, 2017 how many Poly Houses have been sanctioned to different farmers in the State; and

(b) out of these how many are functional; details be given?

Shimla : 171004. **Sunder Singh Verma,**

Dated: 5th August, 2017. **Secretary.**